510 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

अम्बाला की शान खिताब से नवाजे गए ब्लड ब्रदर

रिकार्ड 153वीं बार किया राजिंद्र गर्ग ने रक्तदान

अम्बाला शहर, 12 नवम्बर (रीटा): अम्बाला हैल्थ केयर एंड वैल्फेयर सोसायटी द्वारा जिला रैडक्रास सोसायटी के सौजन्य से आज पंचायत भवन में समाजसेवी केदार नाथ शर्मा की 27वीं पुण्य तिथि के अवसर पर लगाए गए रक्तदान शिविर में 510 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शहर के विधायक एवं स्व.केदार नाथ शर्मा के सुपुत्र विनोद शर्मा ने इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। अम्बाला हैल्थ केयर एवं वैल्फेयर सोसायटी की अध्यक्षा रानी शर्मा तथा डी.सी. शेखर विद्यार्थी, जो रक्तदान शिविर के दौरान पंचायत भवन में मौजूद रहे, रक्तदान करने वाले सभी युवाओं को बैज लगाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

आज सोसायटी की ओर से हरियाणा के स्टार ब्लड डोनर राजेन्द्र गर्ग को इस शिविर में 153वीं बार रक्तदान करने के लिए अम्बाला की शान के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 100 से अधिक बार रक्तदान करने तथा रक्तदान शिविर में सक्रिय योगदान देने के लिए एस.ए. जैन कालेज के प्रिंसीपल प्रदीप स्नेही, एस.डी. कालेज छावनी के प्रिंसीपल डा. देशबन्धु, 66 बार रक्तदान कर चुके राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्राध्यापक मदन कुमार गर्ग, 56वीं बार रक्तदान करने वाले डाक विभाग के कर्मचारी सुरेन्द्र दूबे, 18वीं बार रक्तदान करने वाले युवा कांग्रेसी अजय सैनी, 23वीं बार रक्तदान करने वाले तरुण चुघ, 16वीं बार रक्तदान करने वाले हरियाणा के अतिरिक्त महाधिवक्ता अजय जैन, रक्तदान करने वाले एक ही परिवार के 18 सदस्यों के प्रमुख रविन्द्र आनन्द, अपने पति तथा 7 शिष्यों द्वारा रक्तदान करने वाली गुरु गोरख नाथ बहुतकनीकी संस्थान की प्राध्यापिक पूजा शर्मा को भी रानी शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मीडिया सलाहकार सुनील परती, सिविल सर्जन डा. सतीश अग्रवाल, डिप्टी सिविल सर्जन विवेक मल्होत्रा, नीलम डोगरा, संगीता गोयल, तहसीलदार जगदीश शर्मा, डी.पी.आर.ओ. केवल बिन्द्रा, सोसायटी के सचिव एस.डी. गौतम सहित कई पार्टी नेता भी उपस्थित रहे।

एस. ए. जैन कालेज के प्राचार्य को 100 से ज्यादा बार रक्तदान करने पर शाल देकर सम्मानित करती शक्तिरानी शर्मा। मोहन

SHREE BALAJI INVESTMENT

Personal Loan • Housing Loan
Vehicle Finance • Consumer Loan
All Types of loan from Private & Nationalised Banks
Contact: 91383-39267

सूचना

मैं, सुंदर सिंह पुत्र केहर सिंह निवासी मकान नं. 228, दयाल बाग, अम्बाला छावनी से अपने पुत्र सुरजीत सिंह को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं क्योंकि वह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

60 वर्ष की आयु में शादी के 30 वर्ष बाद हुआ सन्तान प्राप्ति का चमत्कार

अम्बाला छावनी-डेविड उम्र 60 वर्ष तथा उसकी पत्नी कैथरीन उम्र 53 वर्ष को शादी के 30 वर्ष बाद डा. कृष्ण चन्द्र शर्मा अमेरिकन अस्पताल सराफा बाजार, अम्बाला छावनी

कल दी जाएगी पं. नेहरू को श्रद्धांजलि

छावनी, 12 नवम्बर (सतीश): छावनी कांग्रेस भवन में शनिवार को एक आम सभा का आयोजन कर देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिवस को हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया।

इस सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान नरेन्द्र पाल शेरा ने बताया कि 14 नवम्बर को पं. नेहरू का जन्मदिवस बड़ी ही आस्था से मनाया जाएगा व कांग्रेस भवन में एक सादा समारोह आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता हीरा लाल यादव, सुभाष डोगरा, मनीष गुप्ता सहित बहुत से कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

भागवत से होती

नगर कीर्तन में भाग लेती संगत व पंज

कलश यात्रा में भाग लेती महिलाएं। (अग्रवा

न्यूजीलैंड एजुके

श्री कृष्ण इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान (स्काईट)

नियुक्तियाँ